# 12 साहसी बालिका

आज पंद्रह अगस्त है। स्कूल में उत्सव मनाया जा रहा है। खूब भीड़–भाड़ है। कोई आजादी की कविता सुना रहा है, कोई आजादी का गीत। अध्यापक जी ने भी एक कहानी सुनाई।

बच्चों, एक छोटी लड़की थी। उसका नाम मैना था। उम्र थी सात साल। उसके पिता का नाम नाना फड़नवीस था। नाना साहब देश की आजादी चाहते थे। मैना भी आजादी चाहती थी। अंग्रेज इस बात पर उसके पिताजी से नाराज थे। उन्होंने नाना साहब के महल में आग लगवा दी। नाना साहब जलते हुए महल में से निकल गए। मैना भी किसी तरह जलते हुए महल से बाहर आ गई।



बाहर आते ही उसे अंग्रेज सैनिकों ने पकड़ लिया। वे उसे जनरल के पास ले गए।

जनरल ने मैना से पूछा – लड़की तुम्हारा क्या नाम है ?

मैना

किसकी लड़की हो तुम ?

नाना साहब की ।

अच्छा, तो तुम हमारे दुश्मन की लड़की हो। तुम्हारे पिताजी देश की आजादी चाहते हैं, क्या तुम भी यही चाहती हो ?



क्यों नहीं चाहती ? अपने देश की आजादी किसे प्यारी नहीं होती ?

तो तुम भी अपने देश की आजादी के लिए लड़ोगी ?

जरूर लड़ूँगी। मैना निडर होकर बोली।

मैना का उत्तर सुनकर जनरल क्रोध से बोला–इस लड़की को आग में झोंक दो।

जनरल का आदेश सुनकर एक अफसर मैना से बोला–लड़की क्षमा माँग लो, कह दो कि तुम्हें आजादी नहीं चाहिए।

मैं क्षमा नहीं माँगूंगी। मुझे अपना देश प्यारा है। मुझे इसकी आजादी प्यारी है। मैं देश की आजादी के लिए लड़ूँगी। जरूर लड़ूँगी।



मैना के उत्तर से जनरल और भी चिढ़ गया। उसने आदेश दिया–अब देर मत करो फौरन इसे आग में झोंक दो।

बच्चों, सैनिकों ने मैना को पकड़कर आग में झोंक दिया। मैना ने हँसते–हँसते प्राण दे दिए लेकिन वह हम सभी को एक पाठ पढ़ा गई।

# अभ्यास कार्य

## शब्द अर्थ

| | | |
|---|---|---|
| उत्सव | – | जलसा, आनंद का कार्य |
| पंद्रह अगस्त | – | भारत के आजाद होने के दिन |
| आजादी | – | स्वतंत्रता |
| जनरल | – | सेना का अफसर |
| आदेश | – | आज्ञा |
| दुश्मन | – | शत्रु |
| निडर | – | जो डरे नहीं |

## उच्चारण के लिए

पंद्रह अगस्त, स्कूल, उत्सव, अंग्रेज, अध्यापक

## सोचें और बताएँ

(1) साहसी बालिका का नाम क्या था ?

(2) बालिका के पिताजी का नाम क्या था ?

(3) साहसी बालिका को साहस की शिक्षा किससे मिली थी ?

## लिखें

1. सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें

(अ) विद्यालय में किसका उत्सव मनाया जा रहा था

(क) जन्माष्टमी (ख) शिक्षक दिवस

(ग) गणतंत्र दिवस (घ) स्वतंत्रता दिवस ( )

(ब) उत्सव में कहानी कौन सुना रहे थे

(क) मैना (ख) नाना फड़नवीस

(ग) जनरल (घ) अध्यापक ( )

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें
(आग, आजादी, झोंक, जनरल, फड़नवीस)
(क) सैनिकों ने मैना को पकड़ कर................................
में ..............................दिया।
(ख) मुझे अपनी .......................................प्यारी है।
(ग) उसके पिता का नाम नाना ........................................था।
(घ) उसे ................................. के पास ले गए।
3. स्कूल में उत्सव किस प्रकार से मनाया जा रहा था ?
4. अंग्रेज मैना के पिताजी से क्यों नाराज थे ?
5. जनरल मैना से क्यों चिढ़ गया ?
6. जनरल ने सैनिकों को क्या आदेश दिया ?
7. मैना हमें क्या पाठ पढ़ा गई ?
8. पाठ के आधार पर मैना के गुण बताइए ?
9. मैना के प्राण देते समय भी हँसी का क्या कारण था ?

## भाषा की बात

- 'र' में 'उ' ( ु ) की मात्रा लगे चार शब्द बनाइए –
  र + उ = रु रुपया ............... ................ ................ .............
- र में ऊ ( ू ) की मात्रा लगे चार शब्द बनाइए–
  र + ऊ = रू = रूप............... ................ ................ .............

## यह भी करें –

- अपने आस–पड़ोस में उन महिला–पुरुषों की सूची तैयार करें जिन्होंने कोई विशेष, साहसिक कार्य किया हो।

| नाम | किया गया साहसिक कार्य |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

- पाठ में से ऐसे शब्दों को छांटिए, जिनमें अनुस्वार ( ं ) अनुनासिक ( ँ ) का प्रयोग हुआ हो।

  पंद्रह ............................... ............................... ...............................

  लड़ूँगी ............................... ............................... ...............................

- यदि आप मैना की जगह होते तो ''आग में –झोंकने की बात'' सुनकर क्या करते ?
- इस कहानी जैसी ही और कौन–कौनसी कहानियाँ हैं, चर्चा करें।
- नाना फड़नवीस की तरह और किन–किन वीरों के नाम आप जानते हो नामों की सूची तैयार करें।

कुल की प्रतिष्ठा विनम्रता और सद्व्यवहार से होती है। – प्रेमचन्द

केवल पढ़ने के लिए

# अपनाओ अच्छी आदतें

होते भोर टहलने जाओ
सेहत बिगड़ी भी बनाओ

दाँत न गंदे रहें तुम्हारे
मोती जैसे चमके न्यारे

बढ़े हुए नाखून काटना
हर मौसम में रोज नहाना

चबा–चबा कर खाना खाओ
तेज–तेज से मत चिल्लाओ

हरी सब्जियाँ हर दिन खाओ
उनसे खूब विटामिन पाओ ।